खबरों में रहे स्टॉक

इंटेलेक्ट डिजाइन एरिना



अंडरराइटिंग दक्षता बढ़ाने को एक्रॉस अमेरिका इंश्योरेंस सर्विसेज के साथ साझेदारी

₹ 655.9 पिछला बंद भाव
₹ 668.2 आज का बंद भाव
1.9 % ▲

सीजी पावर ऐंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन



वंदे भारत ट्रेनसेट के लिए उत्पादों की आपूर्ति और सर्विसिंग का ऑर्डर मिला

₹ 595.7 पिछला बंद भाव
₹ 607.6 आज का बंद भाव
2.0 % ▲

जायडस लाइफसाइंसेज



निदेशक मंडल ने एम्पलीट्यूड सर्जिकल एसए के अधिग्रहण को मंजूरी दी

₹ 8,93.2 पिछला बंद भाव
₹ 8,99.9 आज का बंद भाव
0.8 % ▲

सुप्रीम इंडस्ट्रीज



वाविन इंडस्ट्रीज के साथ भारतीय पाइपिंग कारोबार के अधिग्रहण के लिए समझौता

₹ 3,316.2 पिछला बंद भाव
₹ 3,337.5 आज का बंद भाव
0.6 % ▲

हिंदुस्तान जिंक



आरई पावर को 530 मेगावॉट तक बढ़ाने के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ साझेदारी

₹ 426.7 पिछला बंद भाव
₹ 427.2 आज का बंद भाव
0.1 % ▲

संक्षेप में

60 करोड़ हुए फोनपे के पंजीकृत उपयोगकर्ता

फिनटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फोनपे ने इस प्लेटफॉर्म पर 60 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता बना लिए हैं। बेंगलूरु की यह कंपनी अपने आईपीओ के लिए कमर कस रही है। कंपनी ने पिछले 16 महीने के दौरान 10 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता जोड़े हैं। तब उसने ऐलान किया था कंपनी के प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 50 करोड़ से ज्यादा हो गई है। कंपनी का दावा है कि उसके पास चार करोड़ से अधिक कारोबारी हैं। वह प्रतिदिन 33 करोड़ से ज्यादा लेनदेन निपटाती है और उसने 150 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का वार्षिक कुल भुगतान मूल्य (टीपीवी) दर्ज किया है। *बीएस*

यामाहा ने 150सीसी में उतारी हाइब्रिड बाइक

यामाहा मोटर इंडिया ने मंगलवार को 150सीसी श्रेणी में अपनी पहली हाइब्रिड मोटरसाइकल 2025 एफजेड-एस फाई हाइब्रिड पेश की। 1,44,800 रुपये (दिल्ली में एक्स-शोरूम) कीमत के इस नए मॉडल में मौजूदा एफजेड-एस प्लैटफॉर्म में हाइब्रिड तकनीक को शामिल किया गया है। उसने प्रदर्शन और ईंधन दक्षता में सुधार का दावा किया है। मोटरसाइकल में स्मार्ट मोटर जेनरेटर (एसएमजी) और स्टॉप ऐंड स्टार्ट सिस्टम (एसएसएस) की विशेषता वाली हाइब्रिड तकनीक शामिल है। एसएमजी की सुविधा बैटरी समर्थित रफ्तार में सहायता करती है जिससे इंजन पर दबाव कम होता है, खास तौर पर यातायात की भीड़-भाड़ के दौरान। एसएसएस की यह सुविधा निष्क्रिय होने पर इंजन को स्वचालित रूप से बंद कर देती है। *बीएस*

सवाल जवाब

एकीकरण से मिलेगी मदद: डोभाल

डायरेक्ट-टु-होम (डीटीएच) उद्योग अपने ग्राहक आधार को बनाए रखने में चुनौतियों का सामना कर रहा है, जो ग्राहकों के डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर रुख करने से डीटीएच परिचालकों के राजस्व पर दबाव डाल रहा है। इसके परिणामस्वरूप डिश टीवी अपने राजस्व प्रवाह का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। डिश टीवी के मुख्य कार्य अधिकारी मनोज डोभाल ने रोशनी शेखर के साथ बातचीत में इस बारे में चर्चा की। प्रमुख अंश ...

लाभ में आने की क्या योजना है?

ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से हम अभी तक लाभ में नहीं आए हैं। एक कारण है ग्राहकों का घटना, जिसका भविष्य के राजस्व पर भी क्रमिक असर पड़ता है। दूसरा, हम नए ग्राहक ज्यादा हासिल नहीं कर रहे हैं, क्योंकि अब बाजार में शायद ही कोई नया ग्राहक उपलब्ध हो। लोग (ग्राहक) केवल एक ब्रांड से दूसरे ब्रांड की ओर जा रहे हैं। आगे चलकर हम कंटेंट उपभोग के लिए डिवाइस बंडलिंग वाला पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहे हैं।

क्या लाभ में आने के लिए फिलहाल कोई लागत कटौती या परिचालन सुधार के उपाय किए जा रहे हैं?

लागत में सुधार के लिए अभी काफी कम गुंजाइश है। लेकिन हां, लागत में सुधार हमेशा ही कार्यप्रणाली का हिस्सा होता है। हम कोशिश कर रहे हैं, मानवशक्ति से लेकर विभिन्न प्रकृति वाले परिचालन व्यय तक, चाहे वह ट्रांसपोंडर शुल्क हो, प्रसारण व्यय हो, सामान्य और प्रशासनिक हो। इस पर हमारी पैनी नजर है। हम हार्डवेयर पूंजीगत व्यय पर सब्सिडी कम करके लाभ में सुधार करने के लिए भी काम कर रहे हैं। साथ ही अगले तीन से चार महीने में वॉचो (ओटीटी एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म, जिसमें मूल कंटेंट भी रहता है) हमारे लिए लाभ वाली स्वतंत्रत कारोबारी इकाई होगी। हम आने वाली तिमाहियों में वॉचो के लिए अपना निवेश भी बढ़ाएंगे। इसलिए आज हम केवल डीटीएच कंपनी नहीं हैं।

डीटीएच उद्योग को पिछले कुछ वर्षों में घटते ग्राहक आधार की वजह से कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। आपको लगता है कि यह गिरावट वित्त वर्ष 26 में भी जारी रहेगी?

डीटीएच (उद्योग) के कारोबार में पिछले दो-तीन वर्षों में बड़ी गिरावट देखी गई है, क्योंकि नई तकनीकें (ओटीटी प्लेटफॉर्म) आ रही हैं। जैसा कि किसी भी नई तकनीक के आने के साथ होता है, लोग पहले इसके बारे में अनुभव हासिल करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं कि क्या वे अपना (ओटीटी प्लेटफॉर्म) जारी रखना चाहते हैं या वे पारंपरिक माध्यम पर वापस जाना चाहते हैं। इसके अलावा बहुत से ऐसे ग्राहक भी थे जो हर महीने भुगतान न करके सरलता और सुविधा चाहते थे, इसलिए वे मुफ्त चैनलों पर स्विच कर रहे थे। अब, (डीटीएच उद्योग में) हालांकि हमने पिछले दो साल में बहुत सारे ग्राहक खो दिए हैं, लेकिन आगे यह गिरावट रुकनी चाहिए। इसमें ब्रॉडकास्टर्स से भी मदद मिल सकती है।

भारती एयरटेल और टाटा ग्रुप के टीवी सेगमेंटों के बीच विलय की घोषणा पर आपका क्या नजरिया है? इससे डिश टीवी के लिए प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में क्या बदलाव आएगा?

डीटीएच उद्योग में, कंपनियां कुछ नया करने की कोशिश के बजाय एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा ज्यादा कर रही हैं। ग्राहक सिर्फ एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जा रहे हैं। एकीकरण से निश्चित रूप से मदद मिलेगी। ई-वेस्ट पर बहुत ज्यादा अनावश्यक खर्च होता है, मैं इसे ई-वेस्ट या बाजार में फ्रेश बॉक्स लाना कहता हूं, एकीकरण के साथ यह सब बंद हो जाना चाहिए। इसके अलावा, टाटा और एयरटेल के साथ (भले ही उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की है) भविष्य में वे निश्चित रूप से अपने पूंजीगत व्यय को अनुकूल बनाएंगे या दो अलग-अलग सैटेलाइट या दो अलग-अलग ब्रॉडकास्टिंग स्टेशनों को बनाए रखने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।

सह्याद्रि हॉस्पिटल की दौड़ में मणिपाल और आईएचएच शामिल

सोहिनी दास
मुंबई, 11 मार्च

टेमासेक समर्थित मणिपाल हॉस्पिटल्स और मलेशिया की दिग्गज आईएचएच, कनाडाई पेंशन फंड ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान बोर्ड (ओटीपीपी) से पुणे की 1,200 बिस्तरों वाले सह्याद्रि हॉस्पिटल्स के अधिग्रहण की दौड़ में हैं। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह सौदा 3,500 करोड़ रुपये का हो सकता है।

ओटीपीपी ने कुछ समय पहले प्रस्तावित बिक्री प्रक्रिया शुरू करने के लिए बैंकरों को नियुक्त किया था। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक प्रस्ताव नहीं आया है, लेकिन घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने कहा कि बोली लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है। एक सूत्र ने कहा, औपचारिक बोली जमा कराने आदि के लिए प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी, जिसमें कुछ सप्ताह लग सकते हैं। शुरुआती पूछताछ हो चुकी है। सूत्रों ने कहा कि अस्पताल का मूल्य उसके एबिटा से लगभग 14-15 गुना होने की संभावना है और यह लगभग 3500-3600 करोड़ रुपये के आसपास होगा। समझा जाता है कि भारत में नेटवर्क का विस्तार कर रही टेमासेक समर्थित मणिपाल हॉस्पिटल्स और फोर्टिस में बहुलांश हिस्सा रखने वाली आईएचएच इस अधिग्रहण की दौड़ में है।

टेमासेक के प्रवक्ता ने कहा, टेमासेक अपनी निवेशित कंपनियों की ओर से कोई टिप्पणी नहीं करता है। इस संबंध में जानकारी के लिए मणिपाल हॉस्पिटल्स को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला। आईएचएच और ओटीपीसी ने भी ईमेल का जवाब नहीं दिया।

ओटीपीपी के पास सह्याद्रि हॉस्पिटल्स में की 100 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसके पास पुणे, अहमदनगर, नासिक आदि में सुविधाएं हैं। यहां ऑन्कोलॉजी के अलावा मां और बच्चे की देखभाल जैसी विशिष्टताएं भी हैं। हाल के वर्षों में अस्पताल श्रृंखला ने पूरे महाराष्ट्र में अपना विस्तार करने के लिए करीब 750 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अस्पताल की वेबसाइट के अनुसार, इसके पास 11 अस्पताल, 2,000 चिकित्सक और 4,000 विशेषज्ञ कर्मचारी हैं। यह मणिपाल हॉस्पिटल्स के लिए एकदम सही है, जिसने पूर्वी भारत में एएमआरआई हॉस्पिटल्स, मेडिका सिनर्जी के अलावा कोलंबिया एशिया नेटवर्क और दक्षिण में विक्रम हॉस्पिटल्स का अधिग्रहण किया है। सह्याद्रि पश्चिम भारत में उसे काफी जरूरी स्थान दे सकता है।

इस बीच, आईएचएच भारत में 3 अग्रणी अस्पताल कंपनियों में शामिल होने की कोशिश कर रही है।

यूएई में आईएचसीएल का ब्रांडेड आवास

ताज होटल्स की पैतृक इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने लक्जरी रियल एस्टेट दिग्गज बीएनडब्ल्यू (ब्रिक्स एन वूड्स) डेवलपमेंट्स की भागीदारी में अल मरजान द्वीप और रास अल-खैमाह (यूएई में) में अपने पहले ताज वेलिंगटन म्यूज के निर्माण की घोषणा की। विज्ञप्ति के अनुसार, नई संपत्तियों को रमजान के तुरंत बाद लॉन्च किए जाने की उम्मीद है, जिसकी कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। आईएचसीएल ने कहा है कि वह ऐसी और परियोजनाओं की घोषणाओं के लिए तैयार है। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी पुनीत चटवाल ने एक बयान में कहा, 'आईएचसीएल लंबे समय से हॉस्पिटैलिटी में उत्कृष्टता का पर्याय रहा है और बीएनडब्ल्यू डेवलपमेंट्स के साथ हमारा सहयोग यूएई में लक्जरी अनुभव की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है।' *बीएस*

एम्पलीट्यूड में 86 % हिस्सा खरीदेगी जायडस

सोहिनी दास
मुंबई, 11 मार्च

अहमदाबाद की कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज ने चिकित्सा उपकरण सेगमेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर जोर दिया है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने ऑर्थोपेडिक प्रौद्योगिकी फर्म एम्पलीट्यूड सर्जिकल एसए, फ्रांस के 85.6 प्रतिशत इक्विटी शेयर 25.68 करोड़ यूरो (या 2,430 करोड़ रुपये) में खरीदने को मंजूरी दे दी है।

जायडस एम्पलीट्यूड के शेष शेयरों के लिए 6.25 यूरो प्रति शेयर की समान खरीद कीमत पर अनिवार्य नकद प्रस्ताव दाखिल करेगी। इस तरह संभावित रूप से 30 करोड़ यूरो (2,850 करोड़ रुपये) मूल्य में संपूर्ण अधिग्रहण हो सकता है और उसके बाद यूरोनेक्स्ट पेरिस से इसकी डीलिस्टिंग हो सकती है। मंगलवार को जायडस के शेयर में बीएसई पर मामूली बढ़त दर्ज की गई। अधिग्रहण कीमत 10 मार्च के पिछले बंद भाव के मुकाबले 80.6 प्रतिशत अधिक है। यह सौदा फ्रांस के आर्थिक मंत्रालय से मंजूरी सहित नियामकीय मंजूरियों के अधीन है। इस सौदे के साल की पहली छमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

जायडस लाइफसाइंसेज का राजस्व वित्त वर्ष 2024 में 19,547 करोड़ रुपये पर पहुंच गया और वित्त वर्ष 2025 के 9 महीनों में राजस्व सालाना आधार पर 19 फीसदी बढ़कर 16,713.6 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का एबिटा 4,933 करोड़ रुपये रहा जो 31 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी का शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 3,354.6 करोड़ रुपये रहा। अधिग्रहण के लिए वित्त की व्यवस्था कर्ज और आंतरिक स्रोतों के जरिये की जाएगी। मुंबई के एक विश्लेषक ने कहा कि जायडस कुछ समय से नई रणनीति के तहत मेड-टेक कारोबार खड़ा करने की कोशिश कर रही है और यह कारोबार अभी भी अपनी शुरुआती अवस्था में है। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि अगले 18 से 24 महीनों में उत्पादों के वाणिज्यीकरण के साथ इस सेगमेंट से भी राजस्व में वृद्धि होगी।

Tender Notice

Patashpur-I Development Block invites e-Tender as follows:-

NIT No: & Date	Work description	Last date and time for receipt of bids thourgh e-procurement
NIT-WBEO/Pat-I/NIT-16/2024-25dt.10.03.2025	01)CONSTRUCTION OF ICDS CENTRE AT AMARSHI KASBA MAYRAJUDDIN PARA(10) Rs.1207646/-	10.03.2025 to 24.03.2025.

The details can be obtained from website www.wbtenders.gov.in

Sd/-
Block Development Officer
Patashpur-I Development Block

Office of The Hooghly Zilla Parishad P.O.-Chinsurah, Dist.-Hooghly

N.I.A No.: **HGL/eA-034/2024-25**. For details log on to "e-Auction India" link under **https://eauction.gov.in** Website.

Sd/- District Engineer Hooghly Zilla Parishad

Office of The Hooghly Zilla Parishad P.O.-Chinsurah, Dist.-Hooghly

N.I.T. No. : **HGL/N-051/2024-25**. For details log on to "e-procurement" link under **https://wbtenders.gov.in** and **http://www.hooghlyzp.org** Website.

Sd/- District Engineer Hooghly Zilla Parishad

Office of the Kolaghat Panchayat Samity
Kolaghat :: Purba Medinipur
Email at kolaghatbdo@gmail.com

NOTICE INVITING e-TENDER

The Executive Officer, Kolaghat Panchayat Samity invites separate % rate e-tenders for execution of the following works:
1) MPLAD (RS) Fund: 02 nos. of work floated Vide Memo No. 232, dt. 11.03.2025 (ID No. 2025_ZPHD_826178_1,2)
Last date of bid submission: 26/03/2025 (12:30 Hrs)
Opening date of technical bid : 29/03/2025 (11:00 Hrs)
2) 15th FC Fund: 01 no. of work floated Vide Memo No. 233, dt. 11.03.2025 (ID No. 2025_ZPHD_ 826232_1)
Last date of bid submission: 18/03/2025 (12:30 Hrs)
Opening date of technical bid: 21/03/2025 (11:00 Hrs)
http://wbtenders.gov.in may be visited for further details:

Sd/-Executive Officer
Kolaghat Panchayat Samity

ANGEL ONE LIMITED

Regd. Off: 601, 6th Floor, Ackruti Star, Central Road, MIDC, Andheri East, Mumbai - 400093 **SEBI Registration No (Stock Broker):** INZ000161534

PUBLIC NOTICE

This is to inform that, weblinks https://angelonealgo.in/, https://angelalgo.in/ operating through mobile numbers '7898760488, 8959897037, 9893999869' are wrongfully and deceptively using the brand name and logo of Angel One Limited to deceive the general public in believing it to be associated with Angel One Limited & collecting funds through UPI id angelonealgoo@okicici from individuals.

Further, this is to inform that,
- A person named "Manish Sharma & Vikas Sharma" operating through mobile number '7652983699 & 8287843142' are collecting funds from individuals by giving false promises.
- A person named 'Hadagali', 'Anvika', 'Ajitha' operating through mobile number '9833368340'
- A person named Baljit Singh operating through entity international equity fund with alleged SEBI registration no. INUSFP057816 collecting funds from individuals giving false promises of assured returns.
- A person operating through telegram channel named financial advisor and NSE partnership and NSE finance department operated by 'Prayuth Chauhan', 'Premjit Kaur', 'Varsha Laxmanrao'.
- A person named 'Aditi Sharma' operating through 'Quantum AI finnix Group' falsely claiming to be associated with Quantum Securities Ltd (SEBI reg no - INZ000229132) collecting funds from individuals by giving false promise of returns on investment.
- Persons Prakash Shinde (8329676830), Ishwar Hasnale (7972546293), Surjit Singh (9730819688), Surendra Suthar (8421245113), Jitendra Kumar (7774051558) operating through Shri Sainandan Consultancy pvt ltd. are collecting funds from clients and offering returns on investment.

Further, certain whatsapp / telegram groups are wrongfully and deceptively using the brand name, logo of Angel One Limited along with name & image of senior officials to deceive the general public in believing it to be associated with Angel One Limited.

Investors and General Public are hereby informed that Angel One Limited does not have any association and/or relation, directly or indirectly with such weblinks, individuals or private whatsapp / telegram groups in any capacity.

Angel One Limited will not be liable in any manner of financial loss and /or consequence of dealing with such individuals/entities or weblinks. Please note that any person dealing with them will be dealing at his/her own risk and responsibility.

For ANGEL ONE LTD
Sd/-
Authorized Signatory

Date : 12.03.2025

OFFICE OF THE HOWRAH ZILLA PARISHAD
NOTICE INVITING TENDER:
82 of 2024-25(1st Call) Sl. No. 1
Dt. 11/03/2025
For details log on to organization chain Zilla Parishad//Zilla Parishad//Howrah under "e-procurement" link https://wbtenders.gov.in from 12/03/2025 to 26/03/2025 upto 16:00 hrs
Sd/-
DISTRICT ENGINEER
HOWRAH ZILLA PARISHAD

OFFICE OF THE HOWRAH ZILLA PARISHAD
NOTICE INVITING TENDER:
81 of 2024-25(1st Call) Sl. No. 1 to 4
Dt. 11/03/2025
For details log on to organization chain Zilla Parishad//Zilla Parishad//Howrah under "e-procurement" link https://wbtenders.gov.in from 12/03/2025 to 19/03/2025 upto 16:00 hrs
Sd/-
DISTRICT ENGINEER
HOWRAH ZILLA PARISHAD

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट–IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई–नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई–नीलामी सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन नं. 011–23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com | शाखा कार्यालय : बधानी ट्रेड सेंटर, तीसरा तल, आर रोड, बिस्तपुर, जमशेदपुर–831001, झारखण्ड

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर–ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर–डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर–सी में वर्णित है) को मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल) /प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार''** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।
एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम–8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या–ए में दर्शाया जा सकता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

ऋण सं./उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/ गारंटर(ओं)/ कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A)	मांग राशि और दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%)(F)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक (G)	बोली वृद्धि मूल्य (H)	निरीक्षण की दिनांक और समय (I)	नीलामी की दिनांक और समय (J)	ज्ञात ऋण भार/ न्यायालय मुकदमा अगर कोई है (K)
HOU/TATA/0918/584362 नीरज कुमार पाण्डे / श्रीमती संध्या कुमारी शाखा : जमशेदपुर	रूपये 29,07,586.82/– दिनांक 09.07.2021 तक	भौतिक	वह सभी आवासीय फ्लैट द्वारा फ्लैट सं. 02, प्रथम तल पर, मापक क्षेत्र 1240 वर्ग फुट सुपर निर्मित क्षेत्र, भवन गोकुल टॉवर से 5त, रेड सं. 15, जवाहर नगर, मेंगो टॉउन, जमशेदपुर, जिला ईस्ट सिंहभूम, संग एक कार पार्किंग जगह संग इलाके की भूमि क्षेत्र मापक .41 डेसिमल, पुराना खाता सं. 25 के अंतर्गत दर्ज, यानी पुराना प्लॉट सं. 207, 208 और 209 पत्राचार से नया खाता सं. 325, यानी नया प्लॉट सं. 977/5030 अविभाजित समानुपातिक हिस्से पर अधिकार, सभी अधिकार, शीर्षक, लाभ, विशेषाधिकार और सामान्यसेवाओं के साथ–साथ साझा सड़कों, गलियों, मार्गो, आदि के प्रवेश और निकास के अधिकार सहित, **स्थित मौजा पारधी, पी.एस. मेंगो, जमशेदपुर, परगना धालभूमि और जिला ईस्ट सिंहभूम और झारखण्ड राज्य** और संपत्ति ब्रांच रोड पर स्थित, संपत्ति का **सीमांकन निम्न प्रकार : उत्तर :** आकाश को खुला, **दक्षिण:** फ्लैट सं. 01, **पूर्व :** आकाश को खुला, **पश्चिम :** रास्ता, सीढ़ियां और लिफ्ट	रू. 25,80,000/–	रू. 2,58,400/–	29.03.2025	रू. 10,000/–	20.03.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:30 बजे के बीच	31.03.2025 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे के बीच	*कोई नहीं. ज्ञात नहीं

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर–के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**

(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। **(2)** संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ–साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **(3)** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति कीफिर से बेचा जाएगा। **(4) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेब साइट–www.bankeautions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री प्रियांक सिंहा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।**

स्थान : जमशेदपुर, दिनांक : 10.03.2025 **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

SURYODAY A BANK OF SMILES

सुर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : 1101, शारदा टेरेस, प्लॉट 65, सेक्टर–11, सीवीडी बेलापुर, नवी मुंबई–400614, CIN: L65923MH2008PLC261472

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनिय, 2002 की धारा 13(2) और के तहत सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी सुर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(''एसएसएफबीएल'') के प्राधिकृत अधिकारी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी कर, निम्नलिखित उधारकर्ता, सह–उधारकर्ता(ओं), गारंटर(रों) को संबंधित मांग सूचनाओं की दिनांक से 60 दिनों के भीतर अद्वतित ब्याज, लागत और शुल्कों सहित पूरे बकाया का भूगतान करके कंपनी के लिए अपनी देयता का पूर्ण निर्वहन करने के लिए और निचे दिए गए सूचना के प्रकाशन के रूप में और आप पर वैकल्पिक सेवा के माध्यम से निवेदन करती है।ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए प्रतिभूति के रूप में, निम्नलिखित प्रत्याभूत परिसंपत्ति(यों) को क्रमश : उक्त उधारकर्ता सह–उधारकर्ता(ओं), गारंटर(रों) द्वारा एसएसएफबीएल को गिरवी रख दिया गया है।

क्रं. सं.	उधारकर्ता/सह–उधारकता/गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	एनपीए की दिनांक	कुल बकाया राशि रूपये में
1	ऋण खाता सं. 227000002878, 1) श्री मोहम्मद नाजीम खान पुत्र मोहम्मद निसार खान, 2) श्रीमती शाहिना फातिमा पत्नी मोहम्मद नाजीम खान, 3) श्री मोहम्मद निजाम खान पुत्र मोहम्मद निसार खान, 4) श्रीमती महजबी नाज पत्नीमोहम्मद निजाम खान	दिनांक 10.03.2025	दिनांक 05.03.2025	रु. 48,76,714.59/– दिनांक 07.03.2025 तक
	प्रत्याभूत परिसंपत्ति(ओं)/अचल संपत्ति(ओं) का विरण : संपत्ति यानी प्लॉट सं.ई–19/1, सेक्टर–1, आरडीए देवेंद्र नगर स्कीम–32, मौजा देवेंद्र नगर, शहीद हेमु कालानी वार्ड सं. 35, आर.एन. एम. रायपुर–12, रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़– 492 004 मापक क्षेत्र 1000 वर्ग फुट का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग। सीमांकन: पूर्व : 60 X 60 प्लॉट रो, पश्चिम : सड़क, उत्तर : प्लॉट सं. ई–20/1, दक्षिण : प्लॉट सं. ई–18/1			

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्त के रूप में एसएसएफबीएल को भुगतान करने में विफल रहेंगे, तो एसएसएफबीएल कंपनी को उपलब्ध नियमों के तहत उक्त उधारकर्ता, सह–उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) के उपरोक्त प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के विरुद्ध पूरी तरह से लागत और परिणामों के रूप में पर आगे कार्यवाई करेगा।
उक्त उधारकर्ता, सह–उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) सरफैसी अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (13) के तहत एसएसबील को सूचना की पूर्व सहमति के बिना, चाहे बिक्री, पट्टे के माध्यम से उपरोक्त प्रत्याभूत परिसंपत्ति(यों) को स्थानांतरित करने के से निषिद्ध हैं।

स्थान : छत्तीसगढ़, दिनांक : 12 मार्च, 2025 **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, प्रति सुर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

OFFICE OF THE CHHATNA PANCHAYAT SAMITI
**CHHATNA